खेले छोटा सा हनुमान

खेले छोटा सा हनुमान मात अंजना के अंगना में,
अंजना के अंगना में॥
कर रही सखिया मंगल गान मात अंजना के अंगना में,
खेले छोटा सा हनुमान.....

छोटा शीश मुकट सिर पे है मार रहा चमकारा,
छोटे छोटे कानो में कुंडल का अजब नजारा,
है गुंगरु की झंकार मात अंजना के अंगना में,
खेले छोटा सा हनुमान.....

छोटे छोटे हाथ हनु के माँ संग रोटी बेले,
कभी हसे कभी रोये बोले मैया गोदी लेले,
गूंजे है किलकार मात अंजना के अंगना में,
खेले छोटा सा हनुमान.....

जिधर भी जाए मैया पकडे पालू पीछे जाए,
एक पल ना छोड़े मैया भी चैन नही है आये,
बरसे ममता का प्यार,मात अंजना के अंगना में,
खेले छोटा सा हनुमान.....

शिव शंकर अवतार धार के हनु रूप में आये,
राम भक्त हनुमान कहये राहुल दर्शन पाए,
जेपी को मिल जाये ज्ञान,मात अंजना के अंगना में,
खेले छोटा सा हनुमान.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3972/title/khele-chota-sa-hanuman-maat-anjana-ke-angana-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |